# उत्तराखंड में नदियों के खनन पर ड्रोन से रखी जा रही नजर

राज्य ब्यूरो, जागरण • देहरादून: खनन विभाग ने अब नदियों में अवैज्ञानिक व अनियंत्रित तरीके से खनन रोकने के लिए नाइट विजन ड्रोन से निगरानी शुरू कर दी है। प्रदेश के चार जिलों यानी देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर व नैनीताल में यह कवायद शुरू की गई है। अभी विभाग किराये के कैमरों से यह काम कर रहा है।

इसके बाद इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, लखनऊ के सहयोग से यह कार्य किया जाएगा। इसके लिए दोनों के बीच करार होगा। प्रदेश में बीते वर्षों में नदियों में अवैज्ञानिक और अनियंत्रित खनन के कारण पर्यावरणीय असंतुलन, नदी तटों का कटाव और पुलों की नींव को नुकसान जैसी गंभीर समस्याएं सामने आई हैं। इन्हीं चुनौतियों को देखते हुए अब उत्तराखंड सरकार ने नदियों में खनन गतिविधियों की निगरानी के लिए ड्रोन सर्वेक्षण की व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है।

उत्तराखण्ड पावर
(उत्तराखण्ड सरक
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्